महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़
Website: www.msdsu.ac.in
25.969427, 83.218566

पत्रांकः–4460/कु0का0/2024 दिनांकः 18 सितम्बर, 2024

कार्यालय आदेश

(सत्र 2024–25 के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश तिथि के विस्तारण के सम्बन्ध में)

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के संबद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन केंद्रीयकृत आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 06 मई, 2024 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://msdsu.ac.in एवं https://admission.msdsuonline.in पर प्रारंभ हो चुकी है। छात्र उपरोक्त वेबसाइट पर निर्धारित पंजीकरण शुल्क 200 रुपए के ऑनलाइन भुगतान के साथ आवेदन पूर्ण कर इच्छित महाविद्यालयों में अपनी योग्यता के अनुरूप पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र विश्वंविद्यालय द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व जमा कर सकते है।

प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण प्रक्रिया	तिथियां
विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन/प्रवेश पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि	दिनांक 06/05/2024
विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन/प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि–	दिनांक 30/09/2024
महाविद्यालयों में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि–	दिनांक 03/10/2024
महाविद्यालयों द्वारा मेरिट के आधार पर प्रवेश संपन्न करने की अंतिम तिथि–	दिनांक 05/10/2024
महाविद्यालय द्वारा प्रवेशित छात्रों को विश्वविद्यालय पोर्टल पर सम्पुष्ट करने की अंतिम तिथि–	दिनांक 07/10/2024

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में विषम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं के शिक्षण कार्य प्रारंभ होने की तिथि दिनांक– 11 जुलाई, 2024 (पूर्ववत)
2. सभी पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं (प्रथम सेमेस्टर) के शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि दिनांक– 05 अगस्त, 2024 (पूर्ववत)
3. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेन्डर के अनुसार नव प्रवेशित छात्रों का पाठ्यक्रम अतिरिक्त/आनलाइन कक्षाएं चलाकर समय से पूर्ण करने का दायित्व सम्बन्धित कॉलेज/संस्था का होगा।
4. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि विस्तारण अन्तिम है, किसी भी दशा में अब तिथि विस्तारण नहीं किया जाएगा।

भवदीय

18.09.24

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. समस्त राजकीय/अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. दैनिक समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित की यह विज्ञापन छात्रहित में निशुल्क प्रकशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी एजेंसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालय के लॉग इन पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव